# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक : उ0पु0/1173

दिनांक : 13-01-2026

## विज्ञप्ति

प्रायः देखने में आता है कि चुनौती मूल्यांकन होने के उपरान्त छात्र/छात्रायें चुनौती मूल्यांकन के परिणाम से भी असन्तुष्ट होते है और पुनः मूल्यांकन कराये जाने तथा चुनौती मूल्यांकन में मूल्यांकित की गयी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति की मॉग करते है।

मा0 परीक्षा समिति की दिनांक 06.01.2026 को आहूत बैठक की कार्यवृत के मद/संकल्प संख्या–05 में उपरोक्त प्रकरण में लिया गया निर्णय निम्नवत है :–

"चुनौती मूल्यांकन में दो परीक्षक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करते है एवं राजभवन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों में भी चुनौती मूल्यांकन के पश्चात् किसी प्रकार के अनुरोध पर विचार नहीं किया गया है, अग्रतर चुनौती मूल्यांकन के पश्चात् पुनः मूल्यांकन पर विचार किया जाना एक अन्तहीन विवाद को जन्म देगा इसलिये भविष्य में चुनौती मूल्यांकन के पश्चात् परीक्षार्थी के किसी भी प्रकार के मूल्यांकन सम्बन्धी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति उपलब्ध नहीं करायी जायेगी। "

अतः उक्त निर्णय के अनुपालन में समस्त परीक्षार्थी/महाविद्यालय अवगत होने का कष्ट करें की चुनौती मूल्यांकन के उपरान्त किसी भी मूल्यांकन सम्बन्धी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अग्रतर चुनौती मूल्यांकन तथा स्क्रूटनी होने के उपरान्त उत्तर पुस्तिका की छायप्रति भी उपलब्ध नहीं करायी जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सादर संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
04. समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, चौधरी चरण सिहं विश्वविद्यालय, मेरठ के सूचनार्थ।
05. समन्वयक, चुनौती मूल्यांकन को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्र पर्यवेक्षक को सूचनार्थ।
07. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आश्य से कि विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले जिलों के सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाषित कराने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)